महत्वपूर्ण एवं खास

रंजिश को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़े, काउंटर जुर्म दर्ज

कोरबा (आरएनएस)। सिटी कोतवाली क्षेत्रांतर्गत मोतीसागर पारा में निवासरत दो पक्ष गत रात्रि 8 बजे के लगभग आपस में भिड़ गए। उभय पक्षों में जमकर मारपीट हुई। मामला कोतवाली पहुंचते ही पुलिस ने काउंटर जुर्म दर्ज कर विवेचना कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मोतीसागर पारा निवासी तारा बाई उम्र 50 पति कृपाराम सारथी पास स्थित एक किराना दुकान में सामान लेने गई थी। लौटते वक्त उससे एक किशोर ने विवाद शुरू कर दिया। विवाद बढ़ा तो उक्त किशोर का पिता कोंदाए चुरू व एक अन्य उसके साथी आ धमके। इन लोगों ने महिला से मारपीट शुरू कर दिया। यह देखकर उक्त महिला की पुत्री तारा बाई, रानी और पुत्र विजय कुमार भी आ धमके। उभय पक्षों में जमकर मारपीट हुई। मामला कोतवाली पहुंचा। कोतवाली पुलिस ने इस मामले में उभय पक्षों की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक क्रमश:193/23, 194/23 धारा 294, 506, 323, 34 भादवि के तहत एक राय होकर मारपीट किये जाने का काउंटर जुर्म दर्ज कर आगे की विवेचना कार्रवाई शुरू कर दी है।

विवाहित स्नातक महिलाओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

21 से 31 मार्च तक होगा प्लेसमेंट कैम्प, 10-20 हजार रूपये तक वेतन

रायपुर (आरएनएस)। जिले की विवाहित स्नातक पास महिलाओं के लिए 10 से 20 हजार रूपये मासिक वेतन के रोजगार का सुनहरा अवसर 31 मार्च तक है। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र रायपुर द्वारा ऐसी शिक्षित बेरोजगार विवाहित महिलाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने के लिए 21 मार्च से 31 मार्च तक प्लेसमेंट कैम्प लगाए जाऐंगे। रोजगार कार्यालय, पुराना पुलिस मुख्यालय परिसर में यह प्लेसमेंट कैम्प सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होंगे। इस प्लेसमेंट कैंप में निजी क्षेत्र के नियोजक रिलायंस निप्पोन लाईफ इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड रायपुर द्वारा लाईफ प्लानिंग ऑफिसर के 20 पदों पर 30 से 45 वर्ष तक की विवाहित एवं स्नातक उत्तीर्ण महिलाओं की भर्ती की जाएगी। चयनित महिलाओं को 10 से 20 हजार रूपये वेतन के साथ अन्य सुविधाएं भी दी जाएगी। इस प्लेसमेंट कैम्प में 30 से 45 वर्ष की इच्छुक विवाहित एवं स्नातक पास महिलाएं साक्षात्कार में सम्मिलित होकर चयनित हो सकती है।

मुख्यमंत्री 25 को करेंगे ओरछा रूलर इंडस्ट्रीयल पार्क का वर्चुवल शुभारंभ

नारायणपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ओरछा स्थित रूलर इंडस्ट्रीयल पार्क का वर्चुवल शुभारंभ 25 मार्च को करेंगे। रूलर इंडस्ट्रीयल पार्क विशेष रूप से वनोपज आधारित होगा। ओरछा में कुरकुरे, झाड़ू निर्माण, सहित अन्य वनोपज आधारित उत्पादन किया जायेगा। इस योजना से रोजगार का रास्ता निकलेगा। रीपा के माध्यम से गांव की महिलाएं और महिला समूह आत्मनिर्भर होंगे। नारायणपुर कलेक्टर अजीत वसन्त ने जिले के ओरछा में स्थापित रूलर इंडस्ट्रीयल पार्क के निर्माण कार्य का अवलोकन कर रूलर इंडस्ट्रीयल पार्क के कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि इससे अबुझमाड़ के दूर दराज के क्षेत्र में रहने वाले ग्रामीणों को लाभ होगा, तथा इनके जीवन में बदलाव आयेगा। इस दौरान नारायणपुर एसपी पुष्कर शर्मा, जिपं सीईओ देवेश कुमार ध्रुव, ओरछा एसडीएम प्रदीप वैद्य सहित सचिव एवं सरपंच मौजूद थे।

मुख्यमंत्री से शंकराचार्य स्वामी आत्मानंद सरस्वती ने की सौजन्य मुलाकात

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से आज यहाँ विधानसभा स्थित उनके कार्यालय कक्ष में शंकराचार्य स्वामी आत्मानन्द सरस्वती ने सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सलाहकार राजेश तिवारी भी उपस्थित थे।

पुलिस कंट्रोल रूम में श्रीरामनवमी शोभा यात्रा को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

रायगढ़। पुलिस कंट्रोल रूम रायगढ़ में 30 मार्च को होने वाली श्रीरामनवमी शोभा यात्रा को लेकर आयोजन समिति के सदस्यों तथा शहर के गणमान्य नागरिकों के साथ अपर कलेक्टर राजीव पांडे, एडिशनल एसपी संजय महादेवा और ट्रैफिक डीएसपी सुशांतो बनर्जी द्वारा शोभा यात्रा दौरान शांति व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधों पर चर्चा किया गया। आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा बताया गया कि प्रतिवर्षानुसार दिनांक 30.03.2023 को नवमी पर दोपहर करीब 2:00 बजे से रामभक्त राम मंदिर गांधी गंज रायगढ़ एवं नटवर स्कूल प्रांगण में एकत्र होकर नटवर स्कूल मैदान से दोपहर करीब 03.00 बजे श्रीराम शोभायात्रा निकाला जायेगा जो नगर के मुख्य मार्ग रेल्वे स्टेशन चौंक से होते हुए शहर के प्रमुख चौक चौराहों का भ्रमण करते हुए रामलीला मैदान पहुंचकर भोजन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के उपरांत शोभा यात्रा का समापन किया जावगा। शोभायात्रा में हिंदू धर्म के 54 समाज से अधिक समाजिक संगठनों के सम्मिलित होकर मनमोहक झांकियां, सुआ नृत्य, कर्मा पार्टी, राउत नाचा, धमाल पार्टी व विविध झांकियां, आर्केस्ट्रा के साथ भ्रमण किया जाना बताएं।

आयोजन समिति की ओर से बताया गया कि इस शोभा यात्रा का सभी धर्म विशेष के लोग स्वागत करते हैं। कभी भी किसी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं हुई है। इस वर्ष भी पूरे हर्षोल्लास और शांतिपूर्ण वातावरण में शोभायात्रा निकाली जायेगा।

अपर कलेक्टर राजीव पांडे बताये कि सुरक्षा व्यवस्था व भीड़ के मद्देनजर आयोजन समिति हथियारों का प्रदर्शन ना करें, रात्रि 10:00 बजे तक कार्यक्रम का समापन किया जावे। छोटी चार पहिया वाहन में परिवार समेत आने वाले श्रद्धालुगण निर्धारित पार्किंग- गांधी गंज, इतवारी बाजार और नगर निगम में अपनी वाहन पार्क कर शोभायात्रा में सम्मिलित हों। प्रशासन की ओर से आयोजन समिति को भारी भीड़ को देखते हुए वॉलिंटियर की व्यवस्था करने बताया गया है। नगर निगम, बिजली विभाग को शोभायात्रा के मद्देनजर सड़क में रखे बिल्डिंग मटेरियल को हटाने व बिजली खंभों के तार को दुरूस्त कराने के निर्देश दिए गए हैं। एडिशनल एसपी संजय महादेवा बताये कि शुभ यात्रा के दिन अतिरिक्त बल शोभायात्रा के रूट एवं शोभायात्रा के साथ लगाया जाएगा। दिनांक 23 तारीख से शहर में विविध कार्यक्रमों का आयोजन है जैसे 23 मार्च को सिंधी समाज का छेदी चंद्र महोत्सव में बाइक रैली, 26 मार्च को शिवसेना की चुनरी यात्रा, 29 मार्च को शिवसेना का शोभा यात्रा और अष्टमी/नवमी को मंदिरों में भीड़भाड़ को देखते हुए पुलिस व्यवस्था के साथ अतिरिक्त पेट्रोलिंग लगाया जावेगा।

आयोजन समिति की ओर से प्रशासन से शोभायात्रा के दिन मेडिकल यूनिट तथा सफाई व्यवस्था के लिए कर्मचारियों की व्यवस्था के लिए कहा गया है। प्रशासन की ओर से आयोजन समिति को परीक्षा को देखते हुए डीजे साउंड निर्धारित डेसीबल में रखना कहा गया है। बैठक में नगर निगम, पीडब्ल्यूडी व पुलिस अधिकारियों के साथ सुतीक्षण यादव उपायुक्त नगर निगम, जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनिल शुक्ला, पूर्व सभापति सलीम नियारिया, गुरूपाल भल्ला, रामचंद्र शर्मा, अनिल अग्रवाल(चीकू), आलोक सिंह, आशीष ताम्रकार, सूरज शर्मा, विवेक रंजन सिंहा, राकेश पांडे, दीपक पांडे, पार्षद सपना सिदार, आर.डी. पटेल, शाखा यादव, सत्य प्रकाश शर्मा, आशीष यादव, अमित यादव, अभिषेक शर्मा, आशीष जायसवाल, शेख ताजीम, अनुराग गुप्ता, , गौरंग अधिकारी, लक्ष्मीकांत पटेल, गौतम महापात्रे व शहर के अन्य प्रतिष्ठित व्यक्तियों की उपस्थिति रही।

कलेक्टर डॉ.सिद्दीकी ने रीपा गौठानों का किया निरीक्षण, निर्माण कार्यों को 25 मार्च के पहले पूर्ण करने के दिए निर्देश

सारंगढ़-बिलाईगढ़। कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दीकी ने आज बिलाईगढ़ और सारंगढ़ विकासखण्ड के रीपा गौठानों का निरीक्षण किया। सर्वप्रथम कलेक्टर ने सुबह बिलाईगढ़ स्थित रोहिना और बेलटिकरी गौठानों का निरीक्षण किया। बेलटिकरी गौठान में मिनी राइस मिल, फ्लाई एश और बॉटलिंग प्लांट लगाया जाएगा, इसके अलावा रोहिना स्थित गौठान में दोना पत्तल, पेपर कप एवं ग्लास, कपड़े धोने का साबुन, सर्फ एवं मसाला उद्योग स्थापित किया जाएगा। आगामी 25 मार्च को रीपा गौठानों में रीपा योजनांतर्गत कार्यों के उद्घाटन को ध्यान में रखते हुए उन्होंने शेष निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

ज्ञातव्य है कि कलेक्टर द्वारा लगातार शासन की फ्लैगशिप योजनाओं पर प्राथमिकता से कार्य करने हेतु सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया जा रहा है एवं कार्यों का नियमित अपडेट लिया जा रहा है। जिले में रीपा योजना अंतर्गत सभी जनपदों में निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। इन्हीं कार्यों के निरीक्षण हेतु आज कलेक्टर जिले के रीपा गौठानों के दौरे पर रहीं। इसके पश्चात् कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने सारंगढ़ स्थित छिन्द रीपा गौठान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने गौठानों में निर्माणाधीन कार्यों की सराहना करते हुए समस्त निर्माण कार्यों को तय समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। छिन्द रीपा गौठान में बेकरी यूनिट, मिठाई बॉक्स यूनिट, फ्लाईएश मशीन एवं मुर्रा मिल मशीन का कार्य प्रस्तावित है। कलेक्टर ने इन कार्यों की गुणवत्ता बरकरार रखते हुए कार्य करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर बिलाईगढ़ एसडीएम डॉ.स्निग्धा तिवारी, सीईओ अभिषेक बनर्जी एवं सीईओ योगेश्वरी बर्मन, संबंधित ग्रामीण विकास अधिकारी, परियोजना अधिकारी एवं गौठान समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क योजनाÓ के अंतर्गत सभी जिलों में रूरल इंडस्ट्रियल पार्क का निर्माण किया जा रहा है, इसमें ग्रामीण क्षेत्रों के चयनित गौठानों को आजीविका के केन्द्र के रूप में विकसित करने की कवायद जारी है। गौठानों में वर्मीकम्पोस्ट, मुर्गी पालन, बकरी पालन, कृषि उत्पादों और वनोपजों के प्रसंस्करण एवं ग्रामोद्योग संबंधी कार्य किये जाने हैं। इन गतिविधियों के माध्यम से बड़ी संख्या में स्व-सहायता समूह की महिलाओं और ग्रामीण युवाओं को रोजगार और आय के अवसर प्रदान करने की सरकार की मंशा है।

अनियंत्रित होकर सड़क से उतरी बस, 5 यात्री घायल

रामानुजगंज (आरएनएस)। वाड्रफनगर से रामानुजगंज आने के दौरान यात्री बस इंद्रपुर मोड़ के पास अनियंत्रित होकर सडक़ के नीचे उतर गई एवं एक खंभे से जा टकराई जिससे उसमें सवार एक डाकिया सहित पांच अन्य लोग घायल हो गए जिन्हें एंबुलेंस से 100 बिस्तर अस्पताल रामानुजगंज ले जाया गया। घटना की सूचना पर रामचंद्रपुर पुलिस मौके पर पहुंची।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह 11 बजे के करीब विजय यात्री बस वाड्रफनगर से रामानुजगंज आने के दौरान इंद्रपुर मोड़ के पास अनियंत्रित होकर बस सडक़ से नीचे उतर कर एक खंभे से टकरा गई जिससे उस में सवार डाकिया मुख देव यादव गिर गए जिनके पैर में गंभीर चोट लगा वहीं पांच अन्य लोग भी घायल हो गए जिन्हें तत्काल एंबुलेंस से 100 बिस्तर अस्पताल रामानुजगंज भेजा गया वहीं घटना की सूचना पर रामचंद्रपुर थाना प्रभारी सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा। बस में सवार लोगो ने बताया कि इंद्रपुर मोड़ पर ड्राइवर बस पर अपना नियंत्रण नहीं कर पाया और मोड़ पर बस अनियंत्रित होकर सडक़ से उतर गई।

दर्री बराज के खोले गए दो गेट, दो दिन की बारिश से छलका पानी

कोरबा (आरएनएस)। कोरबा जिले के दर्री बराज में दो गेट खोलने पड़ें। अचानक मौसम खराब होने से दो दिन तक हुई 23.23 मिमी वर्षा का असर दर्री बांध पर पड़ा। बायीं और दायीं तट नहर से पानी छोडऩे के बाद भी गेट से पानी छलकने लगा।

इस जल भराव को नियंत्रित करने के लिए सुबह 7 बजे एक और ग्यारह नंबर गेट को एक फिट खोलना पड़ा। बेमौसम वर्षा से हसदेव नदी में मानसून जैसा नजारा दिखने लगा है। आम तौर पर दर्री बांध का गेट बांगो गेट खुलने अथवा मानसून के दौरान खोला जाता है, लेकिन इस बार बेमौसम वर्षा से बांध के गेट को गर्मी के समय खोलने की नौबत आई है। शुक्रवार को 8.12 मिमी हुई वर्षा के बाद बांध में जल भराव का स्तर बढऩे लगा। नहर के बायीं तट से 1265 और दायीं तट 1342 क्यूसेक प्रति सेकेंड पानी छोड़े जाने से बांध में पानी का भराव नियंत्रित था। हुई चौतरफा वर्षा का असर बांध में पडऩे लगा। कोरबा के अलावा कोरिया जिला क्षेत्र में हुई वर्षा की वजह से बांध में तेजी से भराव हुआ। कोरबा क्षेत्र के पहाड़ी इलाकों से बहकर इस बांध पानी पहुंचता है। यही वजह है कि बांगो बांध की जगह दर्री बांध में पानी अधिक भर जाता है।

आपको बता दें कि नहर में पानी छोडऩे के बाद भी गेट से पानी छलकने लगा। मार्च महीने से ग्रीष्म का असर शुरू हो जाता है। नहर से निस्तारी के लिए पानी छोडना पड़ता है। नदी में पानी छोडऩे से पहले लोगों को सूचित किया जाता है। लेकिन अचानक हुई वर्षा से बांध का जल स्तर बढऩे लगा और विभाग को बिना सूचना के ही पानी छोडऩा पड़ा।

नक्सलियों ने सड़क निर्माण में लगे 9 वाहनों को किया आग के हवाले

कांकेर (आरएनएस)। जिले के कोयलीबेड़ा थाना क्षेत्र अंर्तगत ग्राम आलपरस के पास प्रधानमंत्री ग्राम सडक़ योजना के तहत सडक़ निर्माण का कार्य में लगे 09 वाहनों को नक्सलियों ने आग के हवाले कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को बिना सूचना दिए सडक़ निर्माण का कार्य चल रहा था, इस बीच नक्सलियों ने आगजनी की वारदात को अंजाम देते हुए वहां मौजूद 08 ट्रैक्टर और 01 जेसीबी मशीन को आग के हवाले कर दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम आलपरस के पास प्रधानमंत्री ग्राम सडक़ योजना के तहत सडक़ निर्माण का कार्य में 08 ट्रैक्टर और 01 जेसीबी मशीन लगी हुई थी। बीती रात में नक्सलियों ने वहां मौजूद मजदूरों को बंधक बनाकर एक-एक कर गाडिय़ों में आग लगाने के बाद ग्रामीण मजदूरों को चेतावनी देकर छोड़ दिया और मौके से फरार हो गये। आज सोमवार सुबह नक्सली वारदात की सूचना पुलिस को दी गई।

कांकेर एसपी शलभ कुमार का कहना है कि ग्राम आलपरस में क्या कार्य चल रहा है, इसकी सूचना पुलिस को नहीं दी गई थी। पुलिस नक्सली आगजनी के वारदात की जांच कर रही है।

नक्सलियों ने पेड़ काटकर व पत्थर डालकर ओरछा मार्ग अवरूद्ध किया- नारायणपुर जिले के ओरछा थाना अंतर्गत रायनार व बटुमपारा के पास पेड़ काटकर व पत्थर डालकर नक्सलियों ने एक बार पुन: ओरछा मार्ग अवरूद्ध करने का प्रयास किया है। इसके साथ ही मौके पर नक्सलियों ने बड़ी संख्या में बैनर-पोस्टर भी लगाया है। नक्सलियों द्वारा सडक़ बाधित किए जाने से यातायात ठप पड़ा गया, यात्री बस ओरछा की वापस लौट गई। नक्सली वारदात की जानकारी मिलते ही मौके के लिए बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों को यातायात बहाल करने के लिए रवाना किया गया है।

राज्य स्तरीय मेरिट सूची में स्थान बनाने पर श्रमिक के बेटे नीरज को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

कांकेर (आरएनएस)। जिले के नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम करप के कोसरिया मरार समाज के महासम्मेलन में पहुंचे प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा श्रम विभाग अंतर्गत संचालित छत्तीसगढ़ मेधावी छात्र-छात्रा शिक्षा प्रोत्साहन योजना के तहत कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में राज्य स्तरीय मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने पर चारामा के नीरज कोसरिया को 01 लाख रूपये चेक प्रदान कर सम्मानित किया गया।

छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार मंडल में पंजीकृत निर्माण श्रमिक महाराणा प्रताप वार्ड चारामा निवासी सुमन कोसरिया ने बताया कि मैं राजमिस्त्रियों के साथ भवन निर्माण में रेजा की कार्य करती हूं। मेरे पति भी सब्जी दुकान में मजदूरी के कार्य करते थे। उन्होंने बताया कि पहले हम लोग दूसरे के जमीन में सब्जी-भाजी का खेती कर गुजारा करते थे, जिससे उतनी आमदनी नहीं हो पाती थी और अपने बच्चों का अच्छा परवरिश नहीं कर पा रहे थे। अब उस काम को छोडक़र मैं और मेरे पति मजदूरी कार्य करते हैं।

श्रमिक सुमन ने बताया कि पुत्र नीरज कुमार कोसरिया बचपन से ही होनहार हैं। नीरज की प्राथमिक शिक्षा गुरुकुल विद्या मंदिर चारामा से कक्षा एक से आठवीं तक की पढ़ाई पूरी की, उनका पढ़ाई-लिखाई को ध्यान में रखते हुए हम लोग नीरज के सपना को साकार करने के लिए मजदूरी के पैसे से मॉडल स्कूल धमतरी में प्रवेश दिलाई परंतु गरीबी के चलते कक्षा नवीं के पश्चात आगे की पढ़ाई के लिए खर्च वहन नहीं कर पा रहे थे। जिसके कारण स्कूल से नीरज का टीसी निकाल कर उन्हें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चारामा में दाखिल करवाने की सोच ही रहे थे, इसी दरम्यान प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा शिक्षा को महत्व देते हुए स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल प्रारंभ करने की घोषणा की और कुछ ही दिनों में चारामा में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल प्रारंभ हो गया। हम लोग भी नीरज को कक्षा दसवीं में प्रवेश दिलाने के लिए आवेदन प्रस्तुत किये और स्वामी आत्मानंद विद्यालय में प्रवेश भी मिल गया।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुछ सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

कलेक्टर जनदर्शन में लोगों की मांग और शिकायत सुनीं गई

सारंगढ़-बिलाईगढ़। कलेक्टर डॉ.फरिहा ऑलम सिद्दीकी के निर्देशन में आज कलेक्टोरेट में अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी ने जनदर्शन में आए लोगों की मांग-शिकायत, सुझाव सुनीं एवं निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनदर्शन के अधिकतर मामलों में वृद्धा और दिव्यांग पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, वनाधिकार पट्टा, मनरेगा मजदूरी भुगतान का लाभ दिलाने के लिए आग्रह किया गया है। जनदर्शन में लगभग 65 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

जनदर्शन में सरिया से आए युवकों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सरिया में स्थाई नवीन एंबुलेंस की व्यवस्था की मांग की है। युवकों ने बताया कि इस केन्द्र में प्रसव, गंभीर मरीज आदि की स्थिति के लिए सरिया में एंबुलेंस की व्यवस्था कराना बहुत जरूरी है। ग्राम ठनठनी के ग्रामीणों ने कोटवार को हटाने के लिए शिकायत की है। बरमकेला की सावित्री सिदार और श्याम बाई ने बाड़ी में पटवारी द्वारा किए गए राजस्व कार्य की जांच के लिए शिकायत की है। भटगांव की फुलबाई विश्वकर्मा द्वारा स्वयं की जमीन की प्रमाणीकरण की मांग की गई है कि उसके खरीदी जमीन को दूसरे लोगों के द्वारा धोखा से बेच दिया गया है। ग्राम उड़काकन के दिवाकर प्रसाद ने क्रेडा द्वारा सोलर पंप स्थापना के प्रक्रिया में आ रही दिक्कतों के निराकरण के लिए आवेदन दिया है। ग्रामीणों ने ग्राम पुरगांव में फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर सेवा कर रहे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका के बारे में शिकायत की है। ग्राम उलखर के कृष्ण कुमार चन्द्रा के मोबाइल में किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा लॉटरी केबीसी द्वारा किए गए 2 लाख रूपए की ठगी किया गया है। इसके लिए ठगी हुई राशि के वापसी के लिए आवेदन दिया गया है। सहकारी समिति में धान बिक्री के भुगतान परिवार के नंबरदार के खाते में हुए भुगतान से अपना हिस्सा प्राप्त करने के लिए ग्राम जशपुर के भुरूवा यादव द्वारा धान विक्रय की राशि के लिए जनदर्शन में आवेदन दिया गया है। वहीं किशोरी बालिकाओं के दल ने सारंगढ़ के सार्वजनिक स्थानों, चौक-चौराहों आदि स्थलों में महिला प्रसाधन के स्थापना के लिए मांग की है। ग्राम आमाकोनी की महिलाओं ने जिओ मोबाइल कंपनी के टॉवर की स्थापना के लिए मांग की है। अपर कलेक्टर तिवारी ने महिलाओं को ग्राम आमाकोनी में जिओ कंपनी के मोबाइल टॉवर की स्थापना के लिए आश्वासन दिया है।

दिव्यांग जयराम लहरे तत्काल अन्त्योदय कार्ड पाकर खुश हुए

जनदर्शन में ग्राम पंचायत कोट निवासी जयराम लहरे पिता संतराम लहरे जो 70 प्रतिशत विकलांग हैं। उन्होंने अंत्योदय कार्ड हेतु आवेदन किया जिस पर अपर कलेक्टर ने खाद्य विभाग को त्वरित निराकरण करने हेतु निर्देशित किया, उक्त आवेदन पर आज ही जयराम लहरे के प्राथमिकता कार्ड को अंत्योदय कार्ड बनाया गया।

अपर कलेक्टर ने जनदर्शन में जिले के दूरस्थ अंचल से आए हितग्राही से जिले बनने के बाद मिल रही सुविधाओं के बारे में पूछा। हितग्राही ने बताया कि उन्हें कलेक्टोरेट कार्यालय की जानकारी है और जिला बनने के बाद अब जरूरी काम आसानी से होने लगा है।